# बिहार स्टेट बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0

(बिहार सरकार का उपक्रम)

विद्युत भवन–II, प्रथम तल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना–1

C.I. No.U15520BR2006SG012413, Phone:-0612-2505410, Fax:-0612-2504506, Web.:-www.bsbcl.in

विज्ञापन संख्या:–BSBCL/HR/756/11-12/3443 दिनांक–16.10.14

## आवश्यकता

## सेवारत योग्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के आधार पर तथा सेवानिवृत कर्मियों को संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु सूचना।

बिहार स्टेट बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0, पटना, जो बिहार सरकार का उपक्रम है, को सम्पूर्ण राज्य क्षेत्र में देशी एवं विदेशी शराब के थोक व्यवसाय का एकाधिकार प्राप्त है। निगम सभी जिलों में स्थापित अपने डिपो के माध्यम से इस व्यवसाय को संचालित करता है। निगम को अपने मुख्यालय तथा डिपो स्तर पर योग्य अधिकारियों/कर्मचारियों की आवश्यकता है।

बिहार सरकार के विभिन्न सरकारी बोर्ड/निगम/निकाय में कार्यरत कर्मी, जो प्रतिनियुक्ति के आधार पर अथवा सरकारी बोर्ड/निगम/निकाय से सेवा निवृत कर्मी जो संविदा के आधार पर इस निगम में कार्य करने को इच्छुक हों, विहित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। सेवारत कर्मी द्वारा अपना आवेदन कार्यालय प्रधान के माध्यम से भेजा जायेगा। अलग–अलग पद के लिए अलग–अलग आवेदन देना होगा।

संविदा पर नियोजन हेतु दिनांक 01.01.2015 को 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले तक सेवानिवृत कर्मी आवेदन कर सकते हैं।

सेवारत कर्मी की स्थिति में प्रतिनियुक्ति दो वर्ष के लिए होगी। कार्य संतोषप्रद रहने पर प्रतिनियुक्ति अवधि बढ़ाई जा सकती है, परन्तु वेतनमान में कोई वृद्धि नहीं की जायेगी। कार्य असंतोषप्रद रहने पर निगम किसी भी समय प्रतिनियुक्ति कर्मी की सेवा संबंधित निगम/बोर्ड को वापस करने के लिए स्वतंत्र होगा। प्रतिनियुक्त कर्मी के सेवानिवृत होने की स्थिति में कर्मी की सेवा, सेवानिवृत के एक माह पूर्व पैतृक निगम/बोर्ड को लौट दी जायेगी।

संविदा पर नियोजन एक वर्ष के लिए किया जायेगा। कार्य संतोषप्रद रहने की स्थिति में संविदा अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकेगी। असंतोषप्रद कार्यकलाप की स्थिति में निगम किसी भी समय संविदा समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होगा। संविदा पर नियोजित कर्मी को योगदान के समय एकरारनामा करना होगा। संविदा पर नियुक्ति के पश्चात् योगदान के समय Securtity के रूप में डिपो प्रबंधक के पद के लिए 50,000/– रु0, लेखापाल के पद के लिए 30,000/– रु0 एवं सहायक लेखापाल के लिए 20,000/– रु0 का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/पोस्ट ऑफिस का स्वयं के नाम का सावधि जमा रसीद/एन0एस0सी0/किसान विकास पत्र जमा करना होगा।

नियुक्ति में आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा। अतएव आरक्षण का लाभ पाने के इच्छुक अभ्यर्थी को अपने आवेदन के साथ सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। बिना जाति प्रमाण–पत्र के आरक्षण लाभ पर विचार नहीं किया जायेगा।

**रिक्त पदों की विवरणी (बैक लॉग सहित) निम्न प्रकार है।**

| क्र० | पदनाम | वेतनमान | पदों की कुल संख्या | कोटिवार पदों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Gen | BC | EBC | SC | BC (W) | ST |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | डिपो प्रबंधक, (विदेशी शराब डिपो) | 6500-10500 | 17 | 03 | 02 | 06 | 05 | 01 | 00 |
| 2 | डिपो प्रबंधक, (देशी शराब डिपो) सह लेखापाल | 5500-9000/5000-8000 | 35 | 17 | 04 | 07 | 04 | 02 | 01 |
| 3 | सहायक लेखापाल | 4500-7000/4000-6000 | 77 | 30 | 11 | 09 | 18 | 08 | 01 |

उपर्युक्त कॉलम–3 में अंकित वेतनमान अथवा उसके समान अनुपरीक्षित वेतनमान में कार्य करने वाले कर्मी संबंधित पद हेतु अपना आवेदन दे सकते हैं। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जाने वाले कर्मियों को निगम के सिद्धांत के अनुरूप वेतन, भत्ते आदि देय होंगे।

संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले कर्मियों के लिए सेवा निवृति के समय पैतृक निगम में देय सकल वेतन (मूल वेतन + मंहगाई वेतन + मंहगाई भत्ता) से पेंशन की राशि घटाकर स्थिर वेतन दिया जायेगा। आवेदन के साथ पेंशन प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।

योग्य कर्मी का चयन निगम की चयन समिति द्वारा किया जायेगा। संविदा पर चयनित कर्मी को योगदान के पूर्व असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से फिटनेस प्रमाण–पत्र प्राप्त कर निगम मुख्यालय में जमा करना होगा।

विहित प्रपत्र में आवेदन प्रथम तल विद्युत भवन–II, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना–800001 में अवस्थित निगम मुख्यालय में डाक द्वारा पहुंचने की अंतिम तिथि 12.11.2014 अपराह्न 5:00 बजे तक है। हाथों हाथ अथवा कूरियर से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर संज्ञान नहीं लिया जायेगा। आवेदन पत्र का प्रपत्र www.bsbcl.in से डाउन लोड भी किया जा सकता है।

आर्वेदन पत्र के साथ अपना पता लिखा लिफाफा जिसपर 25/–रु0 का पोस्टल स्टॉम्प लगा हो, संलग्न करना होगा, ताकि अभ्यर्थी को साक्षात्कार की सूचना दी जा सके।

16/10/2014

महाप्रबंधक
मा0सं0 एवं प्रशा0

\\192.168.1.8\dba_data\Raju\HR_756_11-12\1. Niukti.doc- 2

# प्रतिनियुक्ति / संविदा के आधार पर नियोजन हेतु
## आवेदन पत्र का प्रपत्र

पासपोर्ट साईज का स्व अभिप्रमाणित फोटो चिपकाएँ

1. आवेदित पद का नामः–
2. आवेदक का नामः–
3. आवेदक के पिता / पति का नामः–
4. कार्यरत निगम / बोर्ड / निकाय / विभाग का नामः–
5. सेवानिवृत कर्मी की स्थिति में निगम / बोर्ड का नाम जहां से सेवा निवृत हुए :–
6. कार्यरत पद का नामः–
7. सेवा निवृत कर्मी की स्थिति में सेवानिवृति के समय किस पद पर कार्यरत थेः–
8. वेतनमानः–
9. वर्तमान में प्राप्त मूल वेतनः–
10. सेवानिवृत कर्मी की स्थिति में सेवानिवृति के समय प्राप्त अंतिम वेतनः–
11. आरक्षण कोटिः–
12. जन्म तिथिः– (आयु से संबंधित शैक्षणिक प्रमाण पत्र संलग्न करें)
13 सेवा निवृति की तिथिः–
14. शैक्षणिक योग्यताः–
15. स्थायी पताः–
16. पत्राचार का पताः–
17. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (आरक्षण श्रेणी में आनेवाले उम्मीदवारों के लिए):–
18. फोन / मोबाईल नं0 / ई–मेल

दिनांकः–

आवेदक का हस्ताक्षर

### निगम / बोर्ड / निकाय / विभाग का प्रमाण पत्र (सेवारत कर्मी हेतु)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री... ... ... ... ... ... .. ... ... ... पिता का नाम... ... ... ... ... ... .. ... ... ... पदनाम ... ... ... ... ... ... ... .. ... ... ...इस निगम के नियमित कर्मचारी हैं। इनके विरूद्ध किसी प्रकार की विभागीय / न्यायिक कार्यवाही नहीं चल रही है। इनका आचरण एवं छवि स्वच्छ है। इनका वेतनमान ... ... ... ... ... ... ... .. ... ... ...है तथा वर्तमान मूल वेतन ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...है। अनुबंध के आधार पर यदि श्री ... ... ... ... ... ... .. ... ... ... ... की प्रतिनियुक्ति होती है तो इन्हें विरमित करने में कोई आपत्ति नहीं होगी। (जो लागू नहीं हो उसे काट दें।)

बोर्ड / निगम / निकाय / विभाग के कार्यपालक प्रमुख
का हस्ताक्षर (मुहर के साथ)